Roll No. .................................... Total Pages: 16

# 1200

## B.Sc. (Science) First Year EXAMINATION, 2019

## General Hindi

## सामान्य हिन्दी

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

### INSTRUCTIONS/ निर्देश

1. The test booklet contains total **100** questions. Each question carry **1** (one) marks.
   प्रश्नपत्र में कुल **100** प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
2. Candidate shall be required to attempt all **100** questions.
   सभी **100** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
3. No negative marking.
   ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
4. On receipt of test booklet, the candidate should immediately check it and ensure that it is complete in all respect. Discrepancy, if any, should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of receiving the test booklet.
   छात्र को प्रश्न बुकलेट प्राप्त करते ही सबसे पहले उसके कुल पृष्ठ तथा प्रश्न संख्या जाँच कर ले, यदि प्रश्न पत्र में कोई त्रुटि अथवा कटा–फटा हो, तो तुरन्त पर्यवेक्षक को सूचित करावें।
5. The answer sheet is in the form of **OMR** answer sheet. Candidates should blacken the circle corresponding to correct answer.
   छात्र को सभी प्रश्नों के उत्तर **OMR** शीट में देने हैं। छात्र को सही उत्तर के कॉलम को नीले /काले पेन से गहरा काला करना है।
6. While answering each question, candidate should blacken **OMR** properly with Blue or Black ball pen as per instruction printed on the **OMR** sheet.
   छात्र को उत्तर देते समय **OMR** शीट पर दिये गये निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नीले/काले पेन से ही कॉलम को काला करना है।
7. For each question only one circle should be blackened. If more than one circle is found marked, the question will be treated unattempted.
   छात्र को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक कॉलम में ही काला कर देना है। यदि एक से अधिक काले गोले बनाये तो वह उत्तर नहीं पढ़ा जाएगा।
8. Candidate shall be required to deposit **OMR** answer sheet with the invigilator.
   छात्र को **OMR** शीट उत्तर देने के पश्चात् पर्यवेक्षक को जमा करानी अनिवार्य है।

## इकाई - I

**1.** सांविधानिक दृष्टि से हिंदी भारत की भाषा है –

(A) मातृभाषा
(B) जनभाषा
(C) संस्कृति भाषा
(D) राजभाषा

**2.** हिंदी को भारतीय संविधान में संघ की राजभाषा के रूप में कब मान्यता मिली?

(A) 26 जनवरी 1950
(B) 14 सितम्बर 1949
(C) 14 सितम्बर 1951
(D) 5 सितम्बर 1948

**3.** खड़ी बोली के अन्य नाम हैं –

(A) हिंदुस्तानी
(B) कौरवी
(C) सरहिंदी
(D) उपरोक्त सभी

**4.** मानक हिंदी से क्या तात्पर्य है?

(A) साहित्यिक पुस्तकों की भाषा
(B) साधारण बोलचाल की भाषा
(C) शिष्ट और सुशिक्षित लोगों की भाषा
(D) केवल पढ़ाई–लिखाई के काम में लायी जाने वाली भाषा

**5.** देवनागरी लिपि में कुल वर्णों की संख्या है –

(A) 47
(B) 39
(C) 52
(D) 56

**6.** देवनागरी लिपि –

(A) बाँयी से दाँयी की ओर लिखी जाती है।
(B) दाँयी से बाँयी की ओर लिखी जाती है।
(C) ऊपर से नीचे की ओर लिखी जाती है।
(D) चित्रमय शब्दावली में लिखी जाती है।

7. राजभाषा आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया?

(A) बी. जी. खेर
(B) बी. आर. अम्बेडकर
(C) पं. नेहरू
(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

8. देवनागरी की उत्पत्ति हुई है –

(A) ब्राह्मी से
(B) खरोष्ठी से
(C) सामी से
(D) चित्रलिपि से

9. हिंदी की बोलियों को कितने वर्गों में विभक्त किया गया है?

(A) 3
(B) 4
(C) 5
(D) 8

10. निम्न में से किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है?

(A) मराठी
(B) हिंदी
(C) पंजाबी
(D) नेपाली

11. ध्वनि की सबसे लघुतम इकाई है –

(A) वर्ण
(B) शब्द
(C) भाषा
(D) वाक्य

12. हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या है –

(A) 11
(B) 16
(C) 32
(D) 8

13. 'ज्ञ' किसके योग से बना है?

(A) ज् + ग
(B) ज् + अ
(C) ग + य
(D) ज् + ञ

14. किस क्रमांक में अंतःस्थ वर्ण नहीं है?

(A) य (B) व

(C) प (D) र

15. अनुनासिक ध्वनियों का सही क्रम है –

(A) ङ ण न ञ म (B) ङ ञ ण न म

(C) ञ म ण न ङ (D) ञ म ङ ण न

16. संधि स्वरों का निर्माण होता है –

(A) स्वतंत्र रूप से (B) मूल स्वरों से

(C) व्यंजनों से (D) उपर्युक्त सभी

17. निम्न में से ऊष्म व्यंजन हैं –

(A) य, र, ल, व (B) श, ष, स, ह

(C) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (D) ड, ढ

18. 'ऊँ' को किस तरह का स्वर कहा जाता है?

(A) ह्रस्व स्वर (B) प्लुत स्वर

(C) घोष स्वर (D) दीर्घ स्वर

19. 'अ' स्वर का उच्चारण स्थान क्या है?

(A) मूर्धा (B) कण्ठ

(C) तालु (D) ओष्ठ

**20.** हिंदी वर्णमाला में अयोगवाह वर्ण कौन से हैं?

**(A)** अ, आ **(B)** इ, ई

**(C)** उ, ऊ **(D)** अं, अः

**21.** तत्सम शब्दों का मूलस्त्रोत है –

**(A)** अपभ्रंश **(B)** प्राकृत

**(C)** संस्कृत **(D)** पाली

**22.** किस क्रमांक का शब्द तत्सम है?

**(A)** सींग **(B)** साँवला

**(C)** सीख **(D)** शुष्क

**23.** गोधूम का तद्भव रूप है –

**(A)** गाय **(B)** गोबर

**(C)** गेहूँ **(D)** गोधन

**24.** कौन सा शब्द विदेशी है?

**(A)** घी **(B)** खाट

**(C)** सुई **(D)** कैंची

**25.** किस क्रम में देशज शब्द है –

**(A)** तमन्ना **(B)** भोंदू

**(C)** अग्नि **(D)** अक्षि

## इकाई - II

**26.** स्वर संधि के कितने भेद होते हैं?

**(A)** 3 **(B)** 4

**(C)** 5 **(D)** 6

**27.** भवन का संधि विच्छेद होगा –

**(A)** भ + वन **(B)** भ + अन

**(C)** भो + अन **(D)** भौ + अन

**28.** किस शब्द में गुण संधि है –

**(A)** सिंधूमि **(B)** भारतेन्दु

**(C)** नारीश्वर **(D)** गिरीश

**29.** किस शब्द में कु उपसर्ग नहीं है?

**(A)** कुरूप **(B)** कुशल

**(C)** कुकर्म **(D)** कुचाल

**30.** स्वागत में कौन सा उपसर्ग लगा है?

**(A)** सु **(B)** प्रति

**(C)** परि् **(D)** परा

**31.** पैतृक शब्द में 'इक' प्रत्यय के साथ मूल शब्द है –

**(A)** पिता **(B)** पितृ

**(C)** पितर **(D)** पैत्र

**32.** 'उपनिषद' शब्द में इक प्रत्यय लगाने पर कौन सा शब्द बनता है?

**(A)** औपनिषदिक **(B)** उपनिषदिक

**(C)** औपनिषद **(D)** औपनीषदीक

**33.** द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है –

**(A)** भूल–चूक **(B)** माता–पिता

**(C)** कपीश्वर **(D)** भला–बुरा

**34.** 'नीलकमल' में कौन सा समास है?

**(A)** द्विगु **(B)** द्वन्द्व

**(C)** कर्मधारय **(D)** इनमें से कोई नहीं

**35.** 'सिरदर्द' का समास विग्रह है –

**(A)** सिर में दर्द **(B)** सिर का दर्द

**(C)** सिर को दर्द **(D)** सिर से दर्द

**36.** 'तुम्हें धोखा नहीं देना चाहिए था' वाक्य में धोखा संज्ञा है –

**(A)** भाववाचक **(B)** समुदायवाचक

**(C)** जातिवाचक **(D)** व्यक्तिवाचक

**37.** निम्न में कौन सी व्यक्तिवाचक संज्ञा है –

**(A)** शिक्षक **(B)** विद्यार्थी

**(C)** मंत्री **(D)** महेन्द्र

**38.** पुरुषवाचक सर्वनाम में हम किस प्रकार का सर्वनाम है –

**(A)** उत्तम पुरुष **(B)** मध्यम पुरुष

**(C)** अन्य पुरुष **(D)** इनमें से कोई नहीं

**39.** निम्नलिखित में से अनिश्चयवाचक सर्वनाम है –

**(A)** मैं
**(B)** वह
**(C)** कोई
**(D)** कौन

**40.** निम्नलिखित किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?

**(A)** ठूँठ खड़ा है
**(B)** हम सिनेमा देखते हैं
**(C)** रमेश सो चुका है
**(D)** सीता नृत्य करती है

**41.** निम्नलिखित में सकर्मक क्रिया है –

**(A)** हँसना
**(B)** खाना
**(C)** सोना
**(D)** चलना

**42.** सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त होते हैं –

**(A)** संज्ञा के पूर्व
**(B)** संज्ञा के पश्चात्
**(C)** सर्वनाम के पश्चात्
**(D)** इनमें से कोई नहीं

**43.** ईमानदार व्यक्ति का सम्मान होता है किस शब्द में विशेषण है –

**(A)** व्यक्ति
**(B)** सम्मान
**(C)** ईमानदार
**(D)** होता है

**44.** विस्मय के भाव के लिए विस्मयादि बोधक अव्यय शब्द है –

**(A)** आह
**(B)** अरे
**(C)** उफ
**(D)** हाय

**45.** शुद्ध शब्द है –

(A) सिंगार (B) श्रंगार

(C) शृंगार (D) श्रृंगार

**46.** अशुद्ध शब्द है –

(A) वाङ्मय (B) उन्नीसवीं

(C) ज्योतसना (D) पाँचवा

**47.** हवा का पर्यायवाची नहीं है –

(A) वायु (B) बयार

(C) समीर (D) ध्वज

**48.** अग्र का विलोम है –

(A) उग्र (B) पश्च

(C) पीछे (D) पूर्व

**49.** 'जिसमें कपट न हो' उसे क्या कहते हैं?

(A) निष्कपट (B) विकट

(C) प्रकट (D) संकट

**50.** सही युग्म धर्म का चयन कीजिए –

अनल – अनिल

(A) पानी – सूर्य (B) अग्नि – हवा

(C) अग्नि – पानी (D) आकाश – आग

## इकाई - III

**51.** Deputation के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है –

**(A)** नियुक्ति **(B)** प्रतिनियुक्ति

**(C)** स्थानापन्न **(D)** अनुमोदन

**52.** Ability के लिए सही पारिभाषिक शब्द है –

**(A)** उत्तम **(B)** सर्वोत्तम

**(C)** योग्यता **(D)** अच्छा

**53.** Director शब्द का हिंदी पदनाम है –

**(A)** आयुक्त **(B)** जिलाधीश

**(C)** पीठासीन **(D)** निदेशक

**54.** 'कुलपति' शब्द का अंग्रेजी पदनाम है –

**(A)** Vice - chancellor (B) Chancellor

**(C)** President (D) Principal

**55.** रोक लगाना का अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द है –

**(A)** Ban **(B)** Band

**(C)** Ben **(D)** Bend

**56.** 'मोक्ष की इच्छा करने वाला' कहलाता है –

**(A)** जिज्ञासु **(B)** योगी

**(C)** मुमुक्षु **(D)** आस्तिक

57. 'जहाँ धरती–आकाश मिलते दिखायी पड़ते हैं' उसके लिए एक शब्द है –

(A) पर्वत – प्रदेश (B) अन्तराज

(C) क्षितिज (D) पठार

58. 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) विश्वासघाती होना (B) निर्धारित कार्य करना

(C) अपना स्वार्थ सिद्ध करना (D) वास्तविकता ज्ञात होना

59. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भूली हुई बातों का संदर्भ देना। (B) निर्धारित समय पर इन्कार करना।

(C) थोड़े शब्दों में अधिक भाव भर देना। (D) थोड़ी बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना।

60. 'बहुत कठिन काम करना' अर्थ सूचक मुहावरा है –

(A) लोहे के चने चबाना (B) दाँत खट्टे करना

(C) दाँतों तले उँगली दबाना (D) बाल की खाल निकालना

61. 'अच्छा कार्य करते कष्ट पाना' अर्थ सूचक लोकोक्ति है –

(A) सहज पके सो मीठा होवे (B) होम करते हाथ जलाना

(C) थोथा चना बाजे घना (D) इनमें से कोई नहीं

62. 'बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद' लोकोक्ति का सही अर्थ है –

(A) अदरक का स्वाद हर कोई नहीं जान सकता। (B) बन्दर को अदरक अच्छा नहीं लगता।

(C) स्वादिष्ट भोजन को सभी पसंद करते हैं। (D) गुण की पहचान गुणवान को ही होती है।

63. 'घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) अजनबी आदमी की इज्जत होती है।
(B) अपने घर में गुणवान का सम्मान नहीं होता है।
(C) ढोंगी आदमी विदेश में अपना उल्लू सीधा करते हैं।
(D) अपने घर में ही इज्जत होती है।

64. काठ का उल्लू का अर्थ है –

(A) निर्जीव
(B) अत्यधिक सरल
(C) मूर्ख
(D) गुणवान

65. 'स्मरण पत्र' का दूसरा नाम है –

(A) कार्यालयिक पत्र
(B) अनुस्मारक
(C) कार्यालय टिप्पणी
(D) ज्ञापन

66. कार्यालयिक पत्रों का व्यवहार होता है –

(A) कार्यालय से कार्यालय में
(B) व्यक्ति का कार्यालय से
(C) व्यापारी का फर्म से
(D) उपर्युक्त सभी में

67. 'अवकाश के लिए' लिखा जाने वाला पत्र है –

(A) सरकारी पत्र
(B) ज्ञापन
(C) निजी पत्र
(D) प्रार्थना–पत्र

68. मोहल्ले में गंदगी होने बाबत लिखा जाने वाला पत्र किस श्रेणी में आयेगा –

(A) निजी पत्र
(B) शिकायती पत्र
(C) कार्यालयी पत्र
(D) अनुस्मारक

**69.** प्रारूप लेखन की श्रेणी में नहीं है –

**(A)** विज्ञप्ति **(B)** अधिसूचना

**(C)** ज्ञापन **(D)** कार्यालयिक पत्र

**70.** सरकारी आदेश आम जनता के लिए प्रसारित होते हैं –

**(A)** कार्यालय ज्ञापन से **(B)** परिपत्र से

**(C)** विज्ञप्ति से **(D)** अधिसूचना से

**71.** अनुलिपि का अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द है –

**(A)** Proxy **(B)** Duplicate

**(C)** Design **(D)** Demote

**72.** 'छाती पर मूँग दलना' का अर्थ है –

**(A)** तंग करना **(B)** दुःखी रहना

**(C)** कर्ज वसूल करना **(D)** मूँग की खेती करना

**73.** 'पर्वत के पास की भूमि' कहलाती है –

**(A)** अमराई **(B)** हरितिमा

**(C)** उपत्यका **(D)** मैदान

**74.** 'किसी बात को करने का निश्चय' कहलाता है –

**(A)** संकल्प **(B)** विकल्प

**(C)** कृतज्ञ **(D)** इनमें से कोई नहीं

**75.** 'पन्द्रह दिन का समूह' होता है –

**(A)** पखवाड़ा **(B)** सप्ताह

**(C)** मास **(D)** वर्ष

## इकाई - IV

**76.** कम्प्यूटर अपने प्रोग्राम और डेटा कहाँ स्टोर करता है?

**(A)** ए एल यू **(B)** कंट्रोल यूनिक

**(C)** मेमोरी **(D)** कैश मेमोरी

**77.** कम्प्यूटर सिस्टम का टेंगीबल पार्ट कहलाता है –

**(A)** Input data **(B)** Output data

**(C)** Software **(D)** Hardware

**78.** हार्ड डिस्क की मोस्ट कॉमनली रोटेट स्पीड होती है –

**(A)** 2400 rpm **(B)** 3600 rpm

**(C)** 4700 rpm **(D)** 1600 rpm

**79.** वर्तमान में प्रयुक्त कम्प्यूटर आधारित है –

**(A)** एनालॉग टेक्नोलॉजी **(B)** हाइब्रीड टेक्नोलॉजी

**(C)** डिजिटल टेक्नोलॉजी **(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** एक कम्प्यूटर बना होता है –

**(A)** सी पी यू **(B)** मेमोरी

**(C)** इनपुट एंड आउटपुट **(D)** उपर्युक्त सभी

**81.** फादर ऑफ कम्प्यूटर के रूप में जाने जाते हैं –

**(A)** पास्कल **(B)** जॉन नेपियर

**(C)** होलेरिथ **(D)** चार्ल्स बेबेज

**82.** कम्प्यूटर के तीन प्रमुख भाग कौन से हैं?

**(A)** सी पी यू, मैमोरी, आउटपुट **(B)** सी पी यू, मैमोरी, प्रिन्टर

**(C)** सी पी यू, मैमोरी, इनपुट **(D)** सी पी यू, इनपुट, आउटपुट

**83.** Spelling check करने हेतु Key board पर कुंजी होती है –

**(A)** F4 **(B)** F5

**(C)** F6 **(D)** F7

**84.** वर्तमान में प्रयुक्त Most Common device है –

**(A)** Mother board **(B)** Track ball

**(C)** Key board **(D)** Scanner

**85.** निम्न में से किसके बिना कम्प्यूटर कुछ भी नहीं कर सकता –

**(A)** Chip **(B)** Memory

**(C)** Output device **(D)** Program

**86.** कम्प्यूटर का हार्ट कहलाता है –

**(A)** CPU **(B)** Memory

**(C)** I/O unit **(D)** Disks

**87.** पुस्तक समीक्षा को इस रूप में भी जाना जाता है –

**(A)** वर्णनात्मक **(B)** समालोचना

**(C)** विवेचना **(D)** विश्लेषण

**88.** समीक्षा का अर्थ है –

**(A)** तत्व विवेचना **(B)** सम्यक अर्थ से ज्ञान प्राप्ति

**(C)** अच्छी तरह से जाँच–परख **(D)** उपर्युक्त सभी

**89.** फिल्म समीक्षा में इनमें से क्या नहीं होता?

**(A)** पात्र **(B)** साक्षात्कार

**(C)** कथानक **(D)** संगीत

**90.** एक अच्छी फिल्म समीक्षा किसे कहते हैं?

**(A)** जानकारी दे **(B)** समझाएँ

**(C)** मनोरंजन करें **(D)** उपरोक्त सभी

**91.** भाषा के शब्दों का अर्थ एवं विवरण जिसमें होता है, कहलाता है –

**(A)** कोश **(B)** कोष

**(C)** डायरी **(D)** इनमें से कोई नहीं

**92.** हिंदी का पहला समान्तर कोश बनाने का श्रेय है –

**(A)** जयशंकर प्रसाद **(B)** मैथिलीशरण गुप्त

**(C)** महादेवी वर्मा **(D)** अरविन्द कुमार एवं कुसुम कुमार

**93.** समान्तर कोश में किसका प्रयोग नहीं किया जाता –

**(A)** पारिभाषिक **(B)** शब्द सूची

**(C)** पर्याय **(D)** परिचय

**94.** किसी भाषा और बोली के सभी कालों में प्रयुक्त शब्दों को शामिल किया जाता है, उसे कहते हैं–

**(A)** तुलनात्मक कोश
**(B)** वर्णनात्मक कोश
**(C)** सामान्य कोश
**(D)** ऐतिहासिक कोश

**95.** तकनीकी कोश का प्रयोग होता है –

**(A)** समान्तर कोश में
**(B)** सामान्य कोश में
**(C)** तकनीकी शब्दावली हेतु
**(D)** इनमें से कोई नहीं

**96.** ब्लॉग के चयन में किन–किन को आधार बनाया जाता है –

**(A)** विषय चयन
**(B)** भाषा कौशल
**(C)** लेखन की नियमितता
**(D)** उपरोक्त सभी

**97.** विकीपीडिया क्या होता है?

**(A)** वेबसाइट
**(B)** सॉफ्टवेयर
**(C)** जानकारी प्रोग्राम
**(D)** उपरोक्त सभी

**98.** विकीपीडिया क्या है?

**(A)** अंग्रेजी विश्वकोश
**(B)** विश्वकोश
**(C)** बहुभाषी विश्वकोश
**(D)** उपरोक्त में से कोई नहीं

**99.** सूचनाओं को तेज गति से संसार भर में वितरित करने का साधन है –

**(A)** सर्वर
**(B)** इंटरनेट
**(C)** टेलीफेक्स
**(D)** टेलीफोन

**100.** विकीपीडिया पर कानूनी अधिकार कौन से देश का है?

**(A)** भारत
**(B)** रूस
**(C)** चीन
**(D)** फ्लोरिडा

----------------------------------------